उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ
इलाहाबाद – 211 021

परीक्षा नियन्त्रक

मो0 07525048009
E-Mail – coe@uprtou.ac.in

पत्रांक : ओ. यू. / परीक्षा / 2085 / 2016 दिनांकः 15 / 10 / 2016

कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा विश्वविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि निम्न कारणों पर ही परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया जायेगा –

1. बीमारी की दशा में (जिला चिकित्सालय से जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर)।
2. विवाह होने की दशा में (विवाह का प्रमाण पत्र अथवा शादी कार्ड जिस अवधि में छात्र / छात्रा विश्वविद्यालय मे प्रवेश लिया हो)।
3. विकलांगता की दशा में (विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर)।
4. परिवार में किसी की मृत्यु की दशा में (नगर निगम अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र)।
5. स्थानांन्तरण की दशा में (नियोक्ता द्वारा जारी किये गये स्थानांन्तरण पत्र की प्रति)।

उक्त सभी शर्तों का विवरण विश्वविद्यालय की सूचना–विवरणिका के पृष्ठ 19 पर अंकित है। इसके अलावा किसी भी दशा में एक जिले के अन्तर्गत परीक्षा केन्द्र आंवटित करने के पश्चात उसी जिले में छात्र / छात्रा का परीक्षा केन्द्र नही बदला जायेगा। अपरिहार्य स्थिति में माननीय कुलपति जी द्वारा विशेष परिस्थिति में अनुमोदन प्राप्त कर परीक्षा केन्द्र परिवर्तित किया जा सकता है।

दिनांक 01 नवम्बर 2016 से 30 नवम्बर 2016 तक ही प्राप्त परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के प्रार्थना पत्रों पर विचार किया जायेगा, उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(डॉ. मृदुल श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक

पृ. संख्या ओ. यू. / / 2016 तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. वित्त अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
4. श्री शाहबाज अहमद, तकनीकी अधिकारी (वेबसाइट डेवलपर) को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करने का कष्ट करें।
5. श्री नीरज मिश्रा, तकनीकी अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, को इस आशय से प्रेषित कि सत्रांत परीक्षा दिसम्बर – 2016 की परीक्षा के सापेक्ष भरे जाने वाले परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आनलाइन पैनल दिनांक 01 / 11 / 2016 से प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ. मृदुल श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक